न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के माला जंगल में गढ़ा चौकी के पास बाइक सवार न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम हरकिशनापुर निवासी कांताप्रसाद पुत्र नेतराम को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा शुक्रवार सुबह हुआ। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लिया है।

### नौ को आएंगी महिला आयोग सदस्य

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय और सुनीता सैनी नौ मार्च को आएंगी। महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने, महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/जनसुनवाई सुबह साढ़े दस बजे से गोमती सभागार में आयोजित बैठक में करेंगी। दोपहर 12 बजे से पुष्प इंस्टीट्यूट में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगीं। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### लिपिक और महिला कर्मचारी के पति में झड़प

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एक सरकारी कार्यालय के लिपिक पर संविदा महिला कर्मचारी का उत्पीड़न और आपत्तिजनक मेसेज मोबाइल पर भेजने का आरोप लगा। इसे लेकर महिला कर्मचारी के पति ने कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया। बताते हैं कि दोनों के बीच तीखी झड़प हो गई। जिससे खलबली मची रही। काफी देर तक महिला कर्मी के पति और लिपिक में बहस होती रही। जबकि लिपिक ने आरोपों को निराधार बताया। उसका तर्क था कि छुट्टी को लेकर कहासुनी हुई है। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना रहा।

### ग्रामीण पर हमला में चार पर रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** होली मिलकर लौट रहे एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। करेली क्षेत्र के ग्राम हर्रई निवासी अरविंद कुमार पुत्र नत्थूलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार मार्च की रात 11 बजे उसके पिता नत्थूलाल गांव में ही होली मिलकर वापस आ रहे थे। इस दौरपन गांव के ही राधेश्याम ने उन्हें रोक गाली गलौज की। विरोध पर पिटाई कर दी। उसके साथियों ने भी हमला किया। शोर पर लोगों ने बचाया। पुलिस ने राधेश्याम, बालिस्टर, सुनील और रामवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मेडिकल कॉलेज: बढ़ी मरीजों की भीड़ तो चरमराई व्यवस्था

## इंतजार ने किया परेशान, पर्चा बनवाने से लेकर दवा प्राप्त करने को भी लग रही कतार, बैठने को नहीं बची जगह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



दवा वितरण काउंटर पर लगी कतार। ● अमृत विचार



मरीजों को देखते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** होली के त्योहार के बाद मेडिकल कॉलेज में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी है। एक दिन पूर्व आधे समय के लिए ओपीडी खुली थी। दूसरे दिन पूरे समय ओपीडी चली तो हर तरफ मरीज और तीमारदार नजर आए। इस दौरान व्यवस्थाएं भी चरमराई सी दिखीं। पर्चा बनवाने से लेकर दवा प्राप्त करने के लिए भी इंतजार करना पड़ा। मरीज व तीमारदारों के बैठने के इंतजाम भी नाकाफी से साबित हुए। सर्दी, जुकाम और वायरल बुखार के साथ-साथ त्वचा एलर्जी, आंखों में जलन और पेट से जुड़ी शिकायतों वाले मरीज अधिक पहुंचे।

होली के चलते मेडिकल कॉलेज की ओपीडी पिछले दिनों बंद रही थी। गुरुवार को कुछ समय के लिए ओपीडी खुलने पर मरीजों की भीड़ लग गई थी, जिससे कई लोगों को परामर्श नहीं मिल सका था। शुक्रवार को पूरे दिन के लिए ओपीडी शुरू हुई। इस दौरान सुबह से ही मरीजों का तांता लग गया। सीएमएस एवं फिजीशियन डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि मौसम में बदलाव के बीच ठंडे पानी से होली खेलने और देर तक भीगे रहने से संक्रमण के मामले बढ़े हैं। इससे फेफड़ों में जकड़न, खांसी, सिर दर्द और वायरल बुखार की शिकायतें अधिक रही हैं। वहीं कई मरीज शरीर दर्द और कमजोरी से भी परेशान मिले।

इसके अलावा रंगों और गुलाल में मौजूद रसायनों के कारण त्वचा में खुजली, लाल चकत्ते और एलर्जी की शिकायतें भी सामने आईं। कई लोग तेज मसालेदार भोजन, मिठाइयों और ठंडे पेय पदार्थों के अधिक सेवन से पेट दर्द, गैस, उल्टी और दस्त की समस्या लेकर भी अस्पताल पहुंचे। मरीजों की कतार के बीच परेशानी भी कम नहीं उठानी पड़ी। अस्पताल परिसर में मरीज व तीमारदारों के बैठने के लिए इंतजाम भी पूरे नहीं थे। ऐसे में कई जमीन पर बैठे दिखाई दिए। सुरक्षाकर्मी पर्चा व दवा वितरण काउंटर पर कतार लगवाने की जद्दोजहद करते रहे। मगर भीड़ अधिक होने से दवा वितरण की लाइन परिसर के बाहर तक पहुंच गई। मरीजों में कई बच्चे भी रहे। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित सचान ने बताया कि ओपीडी में बुखार और सर्दी से परेशान बच्चों की संख्या भी आम दिनों की अपेक्षा अधिक रही।

● **कई तीमारदारों ने खुद खींचा स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, 1762 बने पर्चे**

कई अभिभावकों ने बताया कि बच्चे देर तक रंग खेलने और ठंडे पेय पदार्थ पीने के बाद बीमार पड़ गए। जिला अस्पताल में कुल 1762 पर्चे बने, जिनमें से 321 मरीज फिजिशियन के पास पहुंचे। वहीं 132 सर्दी और बुखार से पीड़ित बच्चों का परीक्षण किया गया। नेत्र रोग विभाग में भी मरीजों की अच्छी-खासी संख्या रही। रंगों के कारण आंखों में जलन, खुजली और सूजन की शिकायत लेकर कई लोग पहुंचे। नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. सुरभि ने बताया कि ऐसे 26 मरीज परामर्श के लिए आए। उन्हें आंखों को साफ पानी से धोने, आई-ड्रॉप लगाने और सावधानी बरतने की सलाह दी गई। विभाग में कुल 62 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया।

> होली पर भी इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थीं। दुर्घटनाओं में घायल लोगों के अलावा पेट दर्द, उल्टी और एलर्जी की शिकायत वाले मरीज भी पहुंचे। त्योहार के बाद अस्पताल खुलने के कारण भीड़ अधिक रही है। इलाज और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था है।
> –डॉ. संगीता अनेजा, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज।

### पैथॉलोजी से लेकर सीटी स्कैन तक इंतजार

चार दिन बाद अस्पताल खुलने के कारण भीड़ अधिक थी। नियमित दवाएं लेने वाले मरीज भी परामर्श के लिए पहुंचे। कई दिनों से बुखार से पीड़ित मरीजों ने खून की जांच कराई। जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में 150 मरीजों के खून के नमूने लिए गए, जबकि 144 एक्स-रे और 36 सीटी स्कैन किए गए। इनमें अधिकतर एक्स-रे उन लोगों के थे जो होली के दौरान हल्के-फुल्के हादसों में घायल हो गए थे। काफी देर इंतजार के बाद ही उनका नंबर आया।



पर्चा बनवाने के लिए इंतजार करते मरीज। ● अमृत विचार

# होरिया में उड़े रे गुलाल, जुलम कर डालो...

संवाददाता, बिलसंडा



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महिला विंग्स कमेटी द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह में हर्षोल्लास के साथ फूलों की होली खेली गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और गीत संगीत पर सामूहिक नृत्य किया।

नगर के एक बारात घर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। होली खेले रघुवीरा, होरिया में उड़े रे गुलाल, जुलम कर डालो... आदि गीतों पर नृत्य किया। फूलों की होली खेली गई। फागुन गीत भी गाए गए। अध्यक्ष शिवानी जायसवाल ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को संगठित करना, उनके अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर लाकर सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यों में उनकी रुचि बढ़ाना है।

● **होली के गीतों पर जमकर थिरकीं महिलाएं**

कार्यक्रम का संचालन प्रीति जायसवाल ने किया। इस मौके पर पूनम, रेनू, हिना, शिवानी, एकता, मोनिका, चांदनी, वंदना, भावना, रंजना, अर्चना गुप्ता, मिथलेश, प्रतिभा सक्सेना, निधि, डाली, जूली, प्रियंका, शिल्पी, नैना, सविता जायसवाल, वर्षा गंगवार, रंजना, रूबी अग्रवाल, प्रीति राठौड़, तानी, आरती आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बीसलपुर, अमृत विचारः** ढुकसी गांव जाने वाले लिंक मार्ग पर से पुलिस को गिरफ्तार किया। उसके पास से अवैध शराब बरामद की गई।

● **शराब के पाउच बिक्री करने की पुलिस को मिली थी सूचना**

दरोगा अतुल चौधरी ने बताया कि वह टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान यूपी 26 ढाबे के पास पहुंचते ही सूचना मिली कि सोनी भट्ठे के सामने गांव ढुकसी जाने वाले मार्ग पर एक युवक शराब के पाउच बिक्री कर रहा है। इस पर दबिश दी गई और आरोपी ग्राम परासी रामकिशन निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से मिले बैग में 16 शराब के पाउच बरामद किए। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

# अब मरीजों को घर बैठे मिलेगी जांच रिपोर्ट

● **व्हाट्सएप-एसएमएस पर आएगी डिटेल, शासन ने शुरू किया ऑनलाइन सिस्टम**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अब मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए अस्पताल के चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगे। मरीजों के मोबाइल पर एसएमएस, व्हाट्सएप और पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड पोर्टल पर जांच रिपोर्ट मुहैया कराई जाएगी।

अभी तक ब्लड टेस्ट समेत अन्य जांच कराने के बाद रिपोर्ट पाने के लिए अस्पताल के चक्कर लगाना पड़ते थे। ऐसे में मरीजों का समय भी अधिक लगता था। कई चक्कर लग जाते थे। इस समस्या को देखते हुए शासन ने ऑनलाइन सिस्टम चालू किया है। जिसके तहत अब मरीज को ऑनलाइन रिपोर्ट मरीज के मोबाइल पर मिलेगी। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को जांच रिपोर्ट देने के लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम को लैब इंफार्मेशन सिस्टम से जोड़ा गया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत मरीजों की जांच रिपोर्ट सीधे उसके पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड पोर्टल या मोबाइल एप पर उपलब्ध होगी। इसे एसएमएस व व्हाट्सएप के जरिये भी साझा की जाएगी।

जांच रिपोर्ट तैयार होने के बाद मरीज के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एसएमएस अलर्ट जाएगा और लिंक भेजा जाएगा, जिससे वह रिपोर्ट देख व डाउनलोड कर सकेंगे। जिले में सबसे पहले इस व्यवस्था को मेडिकल कॉलेज की पैथोलॉजी लैब में शुरू किया गया है। जिसका मरीजों को लाभ मिल रहा है। इसके अलावा सीएचसी बीसलपुर, बरखेड़ा, पूरनपुर, माधोटांडा आदि में शुरू करा दी गई है। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि सभी जगह ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जा रही है।

### पर्चे भी बनेंगे ऑनलाइन, कई सीएचसी पर शुरू

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के पर्चे अब ऑनलाइन बनेंगे। मैनुअल की व्यवस्था को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा। यहां पर प्रतिदिन इलाज के लिए आने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा और इनका पूरा ब्योरा कंप्यूटर में दर्ज होगा, जिसे किसी भी अस्पताल के चिकित्सक एक क्लिक कर आसानी से देख सकेंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पहले चरण में बीसलपुर, पूरनपुर, माधोटांडा में इस व्यवस्था को शुरू कर दिया है। यहां पर इंटरनेट की सुविधा शुरू कर दी गई है और ऑनलाइन पर्चे बनाने को लेकर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसका सीधा लाभ प्रतिदिन आने वाले 250 से 300 मरीजों को मिलेगा।

# होली त्यौहार के चलते तीन करोड़ रुपये की शराब गटक गए शौकीन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** होली का रंग चढ़ने से पहले ही जिलेभर में शराब का सुरूर सिर चढ़कर बोला। त्यौहार के मद्देनजर तीन दिनों में ही शौकीनों ने तीन करोड़ रुपये से अधिक की शराब गटक डाली। होली के दिन शराब की बिक्री पर रोकने के कारण लोगों ने पहले ही जमकर खरीदारी की, जिसके चलते दुकानों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं थीं।

आबकारी विभाग के मुताबिक दो, तीन और 4 मार्च को जिले में करीब 3 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री दर्ज की गई। जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक ने बताया कि इन तीन दिनों में कुल 1.17 लाख लीटर शराब की बिक्री हुई। इसमें करीब 89 हजार लीटर देशी शराब, 28.29 हजार लीटर अंग्रेजी शराब और लगभग 59 हजार लीटर बीयर शामिल है। आंकड़ों के अनुसार अकेले 3 मार्च को करीब सवा करोड़ रुपये की शराब बिक गई। त्यौहार के चलते दो मार्च को भी शराब की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी रही। लगातार बढ़ती मांग के कारण कई दुकानों पर देर रात तक बिक्री होती रही। होली के दिन शराब की दुकानें बंद रहने के कारण लोगों ने एक-दो दिन पहले ही खरीदारी करना बेहतर समझा। यही वजह रही कि दो और तीन मार्च को अधिकांश दुकानों पर लंबी कतारें लगी रहीं।

● **होली से पहले दुकानों पर लगी रहीं कतारें, ब्रांडेड स्टॉक खत्म**

● **ओवर रेटिंग और कालाबाजारी के शोर के बीच खूब हुई बिक्री**

कई स्थानों पर भीड़ इतनी अधिक रही कि लोगों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। इधर होली के दौरान बिक्री पर रोक के चलते कुछ स्थानों पर कालाबाजारी की चर्चाएं भी सुनाई दीं। हालांकि आबकारी विभाग का कहना है कि इस पर नजर रखने के लिए टीमों को सक्रिय किया गया था और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी की गई।

## घर में घुसकर जानलेवा हमला

**माधोटांडा, अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम धरमंगदपुर निवासी शाइस्ता बेगम पत्नी वशीबुल्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति को जान से मारने की नियत से आपराधिक गतिविधियां की जा रही हैं। 4 मार्च को कुछ लोग घर में घुस आए और जान से मारने की कोशिश की। एक आरोपी बंदूक लेकर आया था। उनका कहना है कि ये लोग कई दिनों से उनके घर के आसपास घूम रहे हैं। कई बार असलहा लेकर आते हैं। इससे पूर्व रात में हमला करने की कोशिश की थी। जिसमें रिपोर्ट भी दर्ज हुई है। ये भी कहा कि करीब 7 साल से दोनों पक्षों में रंजिश चल रही है। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि मामले में गांव के ही विकास यादव, रोहित यादव, केपी यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# फूलों की होली में बरसाने के गीतों पर झूमे लोग

● **अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का होली मिलन समारोह**

संवाददाता, बीसलपुर



होली मिल समारोह में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** आरबीएल पब्लिक इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के तत्वाधान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें वृंदावन के कलाकारों के साथ फूलों की होली खेली गई। महिलाओं ने नृत्य कर होली पर्व की खुशियां मनाई।

प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरुआत कराई। कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे के प्रतीक है। हम सभी को इस पर्व पर आपसी मतभेद बुलाकर एक होने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर अंकुर गुप्ता ने की। वृंदावन के कलाकारों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा में ब्रज के गीतों पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। महिलाओं ने फूलों की होली खेल कर होली पर्व की खुशियां मनाई।

इस मौके पर महिला इकाई की वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन गुप्ता, रोशनी गुप्ता, संरक्षक मुकेश गुप्ता एडवोकेट, डॉ. राजेश गुप्ता, संस्थापक अंकुर गुप्ता, निवास गुप्ता, डॉक्टर राजीव गुप्ता, सुधीर गुप्ता, संदीप गुप्ता, उर्वेश गुप्ता, महिला विंग अध्यक्ष अलका गुप्ता, सारंग गुप्ता, चीनू गुप्ता, अवनी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, करिश्मा गुप्ता, अंजली गुप्ता, मधु गुप्ता हिमानी गुप्ता, शैली गुप्ता, नीतू गुप्ता रेखा गुप्ता संजना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अवसर | 1.25 लाख यात्रियों ने किया सफर, होली के अवसर पर अव्यवस्थाओं के बीच रही यात्रा

# त्यौहार के चलते रोडवेज ने कमाया 55 लाख रुपये राजस्व

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




पीलीभीत डिपो में खड़ी रोडवेज बस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** होली पर रोडवेज बसों में अव्यवस्थाओं के बीच यात्रियों ने जमकर सफर किया। लोकल रूटों पर भीड़ के चलते भले दिक्कत भी रही। मगर, तीन दिनों में 1.25 लाख यात्रियों ने रोडवेज बसों से सफर किया। यात्रियों की बढ़ती भीड़ के बीच बसों के फेरे बढ़ाए गए और विभाग को 55 लाख रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ।

परिवहन निगम की ओर से कुल 107 बसें संचालित की जा रही हैं, जोकि बरेली, दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, मथुरा, आगरा, बदायूं समेत विभिन्न प्रमुख रूटों पर चलाई जाती हैं। होली को देखते हुए इन बसों के अतिरिक्त फेरे भी बढ़ाए गए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। इसके बावजूद त्योहार के चलते बसों में भारी भीड़ देखने को मिली और कई यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ा।

● **बढ़ाए गए थे बसों के फेरे, लोकल रूट पर भीड़ के चलते आई समस्या**

मुख्य रूटों पर तो व्यवस्था किसी तरह व्यवस्था संभाली रही, लेकिन लोकल रूटों पर स्थिति पूरी तरह संतोषजनक नहीं रही। पूरनपुर, बीसलपुर और माधोटांडा रोड पर बसों की कमी के कारण यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। कई जगह यात्रियों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने डग्गामार वाहनों का सहारा लिया।

> परिवहन निगम की ओर से होली अतिरिक्त बसों के अलावा लोकल रूट पर फेरे बढ़ाए गए थे। तीन दिन में विभाग को 55 लाख का राजस्व मिला है।
> –विपुल पाराशर, एआरएम।

बस स्टैंड और प्रमुख चौराहों पर यात्रियों की भीड़ रही।

त्यौहार के कारण एक ही समय में बड़ी संख्या में लोग सफर कर रहे थे, जिससे बसों में सीट मिलना मुश्किल हो गया। हालांकि परिवहन निगम के अधिकारियों का कहना है कि उपलब्ध संसाधनों के अनुसार बसों का संचालन कराया गया और अधिक से अधिक यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। पहले दिन चार मार्च को करीब 25 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि अन्य दो दिन में मिला है।

बीते सालों की तुलना में राजस्व की संख्या बेहद कम रही। जिसके पीछे ट्रेन सेवा सुचारु होने को वजह बताया जा रहा है। डग्गामार वाहनों ने भी परिवहन को काफी हद तक क्षति पहुंचाई है। हालांकि अब परिवहन विभाग मां पूर्णागिरि के मेले को लेकर व्यवस्था संभालने का दावा किया जा रहा है। हालांकि वर्तमान में टनकपुर रोड पर सवारी को लेकर मारामारी मची हुई है।

### जांच के बाद भेजे गए चालक और परिचालक

होली के दौरान सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए परिवहन विभाग की ओर से चालक और परिचालकों की जांच कराई गई। जांच के दौरान तीन चालक नशे में पाए गए, जिन्हें तत्काल ड्यूटी से हटा दिया गया और किसी भी रूट पर नहीं भेजा गया। जिम्मेदारों ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### चालक-परिचालकों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

होली के दौरान अतिरिक्त फेरे लगाकर अधिक यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने वाले 30 चालक और परिचालकों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। परिवहन विभाग की ओर से बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने की तैयारी है, ताकि भविष्य में भी कर्मचारी इसी तरह जिम्मेदारी के साथ सेवा दें।

## योगेश का प्रोजेक्ट चयनित, मिला सम्मान

**अमरिया, अमृत विचारः** कंपोजिट विद्यालय भगा मोहम्मदगंज ने एक बार फिर इंस्पायर अवार्ड योजना में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित योजना में कक्षा 8 के छात्र योगेश का प्रोजेक्ट दूसरी बार चयनित हुआ है। प्रोजेक्ट मिट्टी की नमी विषय पर आधारित है। जिसमें पानी के संरक्षण और उसकी बर्बादी रोकने का वैज्ञानिक समाधान बताया है। प्रोजेक्ट कक्षा शिक्षक एवं मेंटर प्रवीन शुक्ला के निर्देशन में तैयार किया है। प्रोजेक्ट चयनित होने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक खेमपाल सिंह ने छात्र को सम्मानित किया। खंड शिक्षाधिकारी उमेन्द्र दत्त त्रिपाठी, एआरपी मुकेश कुमार आदि ने बधाई दी।



पुरस्कृत किया जाता छात्र।

# अनुदान पर दिए जाएंगे रोटावेटर व अन्य कृषि यंत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत अनुदान पर कृषि यंत्र लेने वाले किसानों का ई-लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई ई-लॉटरी प्रक्रिया में 12 किसानों का चयन किया गया। इसको लेकर जिले भर के करीब 200 किसानों ऑनलाइन आवेदन किए थे।

प्रदेश सरकार ने कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्ड्यू (सीआरएम) एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन (एसएमएएम) योजना चलाई जा रही है। योजना के अंतर्गत जनपद के किसानों को अनुदान पर सुपर सीडर, रोटावेटर, लेजर लैंड लेवलर, बेलर समेत अन्य कृषि यंत्र दिए जाने हैं। इसको लेकर जनपद भर से करीब 200 किसानों ने आवेदन किया था। इसके लिए पात्र किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाना था। इधर शुक्रवार को एनआईसी में एडीएम न्यायिक रोशनी यादव की अध्यक्षता ई-लाटरी के प्रकिया संपन्न कराई गई। जिसमें 12 किसानों का चयन किया गया।

● **एडीएम न्यायिक की देखरेख में संपन्न हुई ई-लाटरी प्रक्रिया**

ई-लॉटरी में चयनित एवं प्रतीक्षारत किसानों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अंतिम सूचना पोर्टल के माध्यम से भेजी गई। उप निदेशक राममिलन परिहार ने बताया कि लक्ष्य की सीमा तक चयनित लाभार्थियों द्वारा निर्धारित समय अवधि में कृषि यंत्र क्रय न करने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लाटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक समेत किसान मौजूद रहे।



**इफ्तार** शनिवार
सुन्नी: 6:19
शिया: 6:27


**सहरी** रविवार
सुन्नी: 5:07
शिया: 4:57

## जिले में आज

- जिले की समस्त तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सुबह 10 बजे से।
- गांव भोपतपुर स्थित सिद्धपीठ श्रीराम जानकी शिव मंदिर में श्रीराम कथा का समापन रात 10 बजे।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम कांशीराम ईदगाह कॉलोनी में हवन दोपहर 12 बजे।

# जंगल मार्गों पर रात में प्रतिबंध को लेकर हो रहा विरोध

## भाकियू (चढ़ूनी) व आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जताया विरोध, डीएम ने 9 मार्च को बुलाई बैठक



डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।



सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को ज्ञापन सौंपते भाकियू चढ़ूनी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल मार्गों पर रात्रि के दौरान यातायात प्रतिबंध को लेकर विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट एवं आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जंगल मार्गों पर प्रतिबंध को लेकर विरोध जताया। इस दौरान भाकियू एवं आप कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारियों की अगुवाई में डीएम से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर जंगल मार्गों पर प्रतिबंध को लेकर जारी आदेश वापस लेने की मांग की। इस मामले में डीएम आगामी 09 मार्च को बैठक बुलाई है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे समेत तीन प्रमुख मार्गों पर रात्रि के दौरान वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से यह आदेश बीते 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के पारित आदेश के क्रम में जारी किया गया है। जंगल मार्गों पर शाम से सुबह तक वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध संबंधी आदेश की जानकारी लगते राजनीतिक पार्टियों से लेकर किसान संगठन व आम जनमानस ने विरोध जताना शुरू कर दिया। इधर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़नी गुट के तमाम कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा।

ज्ञापन के बाद भाकियू जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह कहलो की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने डीएम से मुलाकात

- **जंगल मार्गों पर प्रतिबंध को लेकर जारी आदेश वापस लेने की मांग**

कर समस्या से अवगत कराया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि जंगल से गुजरने वाले रास्तों को रात में बंद करने का आदेश वापस लिया जाए। वर्तमान में जंगल से निकलने वाले कई रास्तों को रात में बंद कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों, मरीजों और आपातकालीन स्थिति में आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः इन रास्तों को बंद करने का आदेश हटाया जाए। इसके अलावा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के चारों ओर फेंसिंग कराने, जंगली जानवरों से किसानों की फसलों की सुरक्षा करने, फसल नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई।

जंगल मार्गों पर प्रतिबंध का आदेश वापस न लेने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष के अलावा जिला सचिव अमरीक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह, तहसील प्रभारी मनदीप सिंह, त्रिलोचन सिंह, जितेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, जसवंत सिंह, सुरेंद्र शर्मा, जाहिद खान, मनोज यादव, श्यामल सरकार, मनदीप सिंह, सरबजीत सिंह समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### आम आदमी पार्टी ने भी सौंपा ज्ञापन

इधर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा की अगुवाई में तमाम कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि जनपद के पूरनपुर-पीलीभीत, माधोटांडा-खटीमा एवं पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग हैं। ये मार्ग जनपद मुख्यालय को प्रदेश की राजधानी लखनऊ, नेपाल सीमा, उत्तराखंड की अंतर्राज्यीय सीमा तथा प्रमुख पर्यटन स्थलों से जोड़ते हैं। एनटीसीए द्वारा रात्रिकाल में इन मार्गों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने का आदेश जारी किया गया है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से संबंधित बताया जा रहा है। रात्रिकालीन पूर्ण प्रतिबंध से आमजन में असुरक्षा एवं भय का वातावरण उत्पन्न हो रहा है। कृषि, व्यापार, पर्यटन एवं स्थानीय आवागमन पर सीधा नकारात्मक असर पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी जनता के मन में अनेक प्रश्न खड़े कर रही है। ज्ञापन में रात्रिकालीन पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को वापस लेने या उसमें व्यावहारिक संशोधन करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिला महासचिव एडवोकेट संजय कुमार, जिलाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ /पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार भारती, नगराध्यक्ष युवा राघव गिहार, प्रवेश, संजय, इंदरजीत, रिंकू दिवाकर, मनोज, सूरज आदि कार्यकर्ता शामिल रहे। इस मामले में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने 9 मार्च को बैठक बुलाई है।

## लोन पाने के लिए किए पीटीआर के डीडी के फर्जी हस्ताक्षर

**पीलीभीत, अमृत विचारः** माधोटांडा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने लोन के लिए किए गए आवेदन के साथ पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी का फर्जी हस्ताक्षर किया पत्र भी प्रेषित कर दिया। बैंक द्वारा सत्यापन के लिए पत्र भेजा गया तो जानकारी हुई। प्रभागीय वनाधिकारी ने एसपी से मामले की शिकायत की है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने एसपी को शिकायत पत्र दिया है। जिसमें बताया कि माधोटांडा क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा अपनी निजी भूमि में राइस मिल का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि उसने प्रभागीय वनाधिकारी पीटीआर (उनके) के फर्जी हस्ताक्षर का पत्र तैयार कर लोन लेने के लिए पूरनपुर की बैंक में आवेदन के साथ दिया। बैंक द्वारा सत्यापन के लिए भेजे गए पत्रावली के अवलोकन से उक्त पत्र की जानकारी हुई। कार्यालय के डिस्पैच रजिस्टर से मिलान के बाद 18 दिसंबर 2025 मिलान नहीं कर रहा है। ये पत्र पीटीआर कार्यालय से जारी ही नहीं हुआ है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### घर के बाहर खड़े युवक की पिटाई

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अमरिया थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर निवासी राम भरोसे पुत्र अनोखेलाल ने बताया कि पांच मार्च की शाम साढ़े पांच बजे वह अपने घर के बाहर खड़े थे। इस दौरान उसका सगा भाई रामचंद्र लाल और भतीजा सोमपाल आ गए। दोनों ने गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो हमला कर मारपीट की। आसपास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है।

### लकड़ी काटने के विवाद में मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** होली पर लकड़ी काटने को लेकर विवाद में युवक की पिटाई कर दी। ग्राम सफौरा निवासी प्रदीप पुत्र भगवान स्वरूप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन मार्च की रात 11 बजे घर से ग्राम सफौरा की नहर पुलिया पर टहलने गए थे। गांव के एक पिता पुत्र आए और यह कहकर गाली गलौज करने लगे कि उसने उसके पेड़ों से लकड़ी काटकर होली पर डाली है। इसी बीच बात बढ़ने पर आरोपी के परिवार के कई लोग मौके पर पहुंच गए और उनकी पिटाई कर दी। पुलिस जांच कर रही है।

## पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट

**संवाददाता, दियोरियाकलां**

**अमृत विचारः** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में कार्रवाई हुई। पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है।

दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुर फाजिलपुर की निवासी 28 वर्षीय रानी देवी पत्नी प्रेम कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका शव बुधवार शाम फंदे से लटका मिला था। मृतका के पिता कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी रामसनेही पुत्र अंगनेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। तहरीर में बताया कि चार मार्च की शाम साढ़े सात बजे किसी अज्ञात व्यक्ति के नम्बर से कॉल

- **महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला**

आई बेटी की मौत की सूचना दी गई। इस पर वह बेटी की ससुराल पहुंचे। उनका आरोप है कि पति प्रेम कुमार पुत्र सियाराम, राजपाल पुत्र सियाराम, सियाराम पुत्र गंगाराम, शिवानी पत्नी राजपाल, रामलली पत्नी सियाराम ने पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी।

उनका कहना है कि पूर्व में भी कई बार अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री को प्रताड़ित किया जाता था। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पति समेत अन्य ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# मां पूर्णागिरि मेला शुरू, ट्रेनों और बसों में बढ़ने लगी भीड़

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** होली पर्व के साथ ही मां पूर्णागिरी धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों का सिलसिला शुरू हो गया। तीर्थयात्रियों की सुविधा को लेकर शुक्रवार से ही कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल समेत दो जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। पहले दिन ट्रेन में यात्रियों की खासी भीड़-भाड़ उमड़ी। इधर टनकपुर जाने वाले बसों में पूर्व की अपेक्षा खासी भीड़ देखी गई।

उत्तराखंड के चंपावत स्थित मां पूर्णागिरी धाम नौ शक्ति पीठों में से एक है। यहां हर वर्ष देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पहुंचते हैं। खास बात यह है कि इसमें से अधिकांश तीर्थयात्री पीलीभीत होकर ही गुजरते हैं। तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को लेकर रेलवे प्रशासन द्वारा हर



पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर पूर्णागिरि धाम से वापस लौटी ट्रेन में सवार होते यात्री।



टनकपुर जाने के लिए प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

- **मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी शुरू, पहले ही दिन उमड़ी यात्रियों की भीड़**

साल ही मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाता है। इस बार भी रेलवे प्रशासन की ओर से 06 मार्च से कासगंज-टनकपुर एवं बरेली-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया था। इधर होली पर्व के बाद शुक्रवार से सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि मेला शुरू हो गया। शुक्रवार को टनकपुर हाईवे पर पूर्णागिरि धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों के जत्थे दिखाई देने लगे। कोई बसों को कोई कार और कोई साइकिल से पूर्णागिरी धाम की ओर माता के जयकारे लगाते हुए जाता दिखाई दिया।

इधर, शुक्रवार से कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन भी शुरू हो गया। मेला स्पेशल ट्रेन चलने की जानकारी पर सुबह ही यात्रियों की भीड़ रेलवे स्टेशन पर जुटना शुरू हो गई। मेला स्पेशल ट्रेन कासगंज से चलकर पीलीभीत जंक्शन पर सुबह अपने निर्धारित समय सुबह 10 बजे पहुंची। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचते ही यात्रियों की भीड़ ट्रेन में चढ़ना शुरू हो गई। ट्रेन में सवार होने वाले यात्रियों में अधिकांश यात्री पूर्णागिरि धाम जाने के लिए ट्रेन में सवार हुए। करीब पांच मिनट ठहरने के बाद मेला स्पेशल ट्रेन टनकपुर के लिए रवाना हो गई। वापसी में यह ट्रेन टनकपुर से अपरान्ह 1.10 बजे रवाना होकर 2.43 बजे पीलीभीत जंक्शन पर पहुंची। मेला स्पेशल ट्रेन में सुबह की अपेक्षा शाम को खासी भीड़ भाड़ देखी गई। सुरक्षा के लिहाज से आरपीएफ एवं जीआरपी भी मौजूद रही।

## सड़क हादसों में महिला समेत छह लोग घायल

**संवाददाता, बरखेड़ा**

**अमृत विचारः** अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में महिला समेत छह लोग घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी 52 वर्षीय माखनलाल पुत्र जीवनलाल शुक्रवार को बाइक से अपने पुत्र के साथ क्षेत्र के गांव पतरासा कुंवरपुर रिश्तेदारी में आए थे। वापस जाते वक्त बरखेड़ा पीलीभीत मार्ग पर गांव रायपुर के पास पहुंचते ही पहुंचते ही पीलीभीत की ओर से आ रहे ई-रिक्शा से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद ई-रिक्शा मार्ग के किनारे जाकर पलट गया। टक्कर होने से माखनलाल घायल हो गए और उनके पुत्र के मामूली चोट आई। इसके अलावा जनपद बरेली के थाना भुता क्षेत्र के गांव महमूदापुर निवासी

- **बरखेड़ा क्षेत्र में हुए हादसे, घायल सीएचसी भर्ती**

सचिन पुत्र रामसेवक शुक्रवार को अपने दिव्यांग पिता की दवाई लेने गांव दौलतपुर पट्टी अपनी मां राम बेटी देवी व बहनोई बरेली शहर के मोहल्ला गणेशनगर निवासी अरविंद कुमार के साथ बाइक से आए थे।

तीनों लोग बाइक से दोपहर बाद अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बरखेड़ा -दौलतपुर होकर गजरौला मार्ग पर अमखेड़ा तिराहे के पास पहुंची दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर थाना क्षेत्र के गांव मुसरहा निवासी पुत्तूलाल, उनके साले थाना दियोरिया कलां के गांव पैनिया हिम्मत निवासी सुखलाल पुत्र श्यामलाल सवार थे। दोनों बाइकों पर सवार महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया।

## उधार सिगरेट न देने पर चाकू से किए वार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** थाना न्यूरिया में दी गई तहरीर में क्षेत्र के ग्राम बौरख निवासी नत्थो देवी पत्नी इच्छाराम ने बताया कि उसका पुत्र रेवाराम गांव में ही किराना की दुकान चलाता है। चार मार्च की रात करीब दस बजे गांव का तेजपाल, करण और राजकुमार नशे की हालत में दुकान पर आए। उधार सिगरेट लेने लगे। जब उसके पुत्र ने उधार में सिगरेट देने से मना कर दिया तो आरोपियों ने लाठी, डंडों से बेटे की पिटाई कर दी। बेटे पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर वह बीच बचाव कराने पहुंची तो उनको भी पीटा। एक आरोपी ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आसपास के ग्रामीणों के जमा होने पर हमलावर भाग गए। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

## ट्रेनों को किया जाएगा शार्ट टर्मिनेशन

**संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** रेलवे प्रशासन द्वारा बरेली सिटी यार्ड में स्थित रेलवे फाटक पर एलएचएस निर्माण कार्य के चलते ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जाएगा। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि 55329 कासगंज-बरेली सिटी सवारी गाड़ी 7 मार्च से 30 अप्रैल तक बरेली जंक्शन में शार्ट टर्मिनेट किया जायेगा। 55328 बरेली सिटी-कासगंज सवारी गाड़ी 8 मार्च से 1 मई तक बरेली जंक्शन से शार्ट ओरिजनेट किया जाएगा। 55316/55315 पीलीभीत-बरेली सिटी-पीलीभीत सवारी गाड़ी 8 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट टर्मिनेट/शार्ट ओरिजनेट कर संचालन होगा। इसके अलावा 55318/55313 पीलीभीत-बरेली सिटी-लालकुआं सवारी गाड़ी 8 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट टर्मिनेट/शार्ट ओरिजनेट कर संचालन होगा। 05402/75303 काशीपुर-बरेली सिटी-पीलीभीत विशेष गाड़ी 8 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट टर्मिनेट/शार्ट ओरिजनेट कर संचालन होगा। 75304 पीलीभीत-बरेली सिटी डेमू सवारी गाड़ी का 7 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट टर्मिनेट कर संचालन होगा। 75301 बरेली सिटी-पीलीभीत डेमू सवारी गाड़ी 8 मार्च से 29 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट ओरिजनेट कर संचालन किया जायेगा। 75302 टनकपुर-बरेली सिटी डेमू सवारी गाड़ी का 7 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट टर्मिनेट कर संचालन होगा। 05401 बरेली सिटी-रामनगर विशेष गाड़ी 8 मार्च से 29 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट ओरिजनेट कर संचालन किया जाएगा।

## चौपाई के दौरान विवाद, पिता पुत्री को किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचारः** कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के गांव सिमरा अकबरगंज निवासी ईशावती पुत्री रोशनलाल ने बताया कि गुरुवार शाम करीब सात बजे गांव में होली की चौपाई निकल रही थी। जिसमें वह पिता के साथ शामिल हुई थी। चौपाई जब गांव में घूम रही थी। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने चौपाई के ऊपर गुट्टी मार दी। इसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। गांव के महिपाल, उसका साला हाथ में बांका लेकर आए और गाली गलौज शुरू कर दी। पिता पर हमला कर पिटाई कर दी। उसके साथ भी मारपीट की। इस दौरान उसका कान के झाले, मंगलसूत्र, पायल गिर गए। बांका से किए गए वार में पिता घायल हो गए। उनकी अंगुली कट गई। कोतवाली पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## वृद्धा की हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी टीमें

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** बकरी चराने गई वृद्धा की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में दूसरे दिन भी पुलिस को कोई खास सुराग नहीं मिल सका है। महिला के परिवार से कोई तहरीर न मिलने पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। पुलिस मृतका के बेटे के आने का इंतजार कर रही है। वहीं, गठित की गई तीन टीमें भी अभी फिलहाल खाली हांथ हैं।

घटना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम पंसोली की है। यहां की रहने वाली 60 वर्षीय धनदेवी पत्नी मंशाराम बुधवार को बकरी चराने के लिए गई थी। इसके बाद गुरुवार सुबह पंसोली और सुस्वार गांव के पास नहर किनारे लापता वृद्धा का शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई। एसपी

- **जहानाबाद क्षेत्र में बकरी चराने गई वृद्धा की गला घोंटकर हत्या का मामला**

समेत कई अधिकारियों ने मौका मुआयना कर जानकारी की। मृतका का पुत्र उत्तराखंड में चालक हैं। उससे संपर्क नहीं हो सका है, ऐसे में कोई तहरीर भी परिवार की ओर से दूसरे दिन भी नहीं दी गई। इधर, खुलासे के लिए गठित तीन टीमें पड़ताल कर रही है। मगर, उन्हें भी कोई खास क्लू नहीं मिल सका है। क्षेत्र के कई लोगों से भी पुलिस ने संपर्क किया है। सर्विलांस टीम भी सुरागरसी में लगी हुई है। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। मृतका के पुत्र से संपर्क नहीं हो सका है। टीमें सुरागरसी कर रही हैं।

**अनदेखी** | **शहर की प्रमुख सड़कों से लेकर हाईवे तक नियमों की उड़ा रहे धज्जियां, राहगीरों के लिए भी बने मुसीबत**

# सड़क सुरक्षा पर ग्रहण लगा रहे मालवाहक बनकर दौड़ रहे ई-रिक्शा


**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाते जिम्मेदारों के दावे धरातल पर बेईमानी से साबित हो रहे हैं। कई बार सड़क सुरक्षा की बैठक में मांग उठाए जाने के बावजूद ई-रिक्शा को लेकर फैली अव्यवस्था दूर नहीं की जा सकी है। सवारियों की जगह ई-रिक्शा चालक सरिया-पाइप समेत क्षमता से अधिक अन्य सामान लटका सड़कों पर फर्राटे भर रहे हैं। इससे हादसे का डर बना हुआ है। कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद हैं, जो खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

जनपद में ई-रिक्शा चालक बेलगाम होते जा रहे हैं। बता दें कि जनपद में करीब साढ़े तीन हजार ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। जबकि सच्चाई यह है कि सड़कों पर करीब 10 हजार से अधिक ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। इनमें कई तो नाबालिग चला रहे हैं। जिससे जाम के अलावा हादसे का डर बना हुआ है। इसको कहीं न कहीं जिम्मेदार भी दबी जुबान स्वीकार करते हैं। बीते साल शासन स्तर से अवैध रूप से संचालित वाहनों पर कार्रवाई के आदेश दिए थे। जिसके बाद जिम्मेदारों ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया और कार्रवाई की। 100 से अधिक ई-रिक्शों को सीज किया गया था। वहीं कई ई-रिक्शों पर कटर चलवाया गया। हालांकि अभियान बाद में धीमा पड़ता चला गया। इसके साथ ही बेतरतीब ई-रिक्शों की बाढ़ फिर से सड़कों पर दिखाई देने लगी हैं। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते ई- रिक्शा



नकटादाना चौराहा के पास से लोहे का भारी भरकम सामान लदा ई-रिक्शा। ● अमृत विचार



एसपी आवास के पास से गुजरता ई-रिक्शा।

मालवाहक वाहनों का रूप ले चुके हैं। कई ई-रिक्शा चालक सरिया, पाइप, बांस-बल्ली, बड़े-बड़े वाटर टैंक आदि लटका कर चल रहे हैं। जिससे जाम की समस्या तो पैदा हो ही रही है, साथ ही दूसरे वाहन चालकों के लिए मुसीबत

- **लोगों के लिए भी बना रहता है हादसे का खतरा**

का सबब बनते आ रहे हैं। जनपद में शहर की सड़कों से लेकर हाईवे तक रोजाना तमाम ऐसे ई-रिक्शा चालक नजर आ जाते हैं जो क्षमता से अधिक भारी भरकम सामान लादकर और लटका कर चलते हैं, लेकिन जिम्मेदार इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करते। जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कई लोग इनकी चपेट में आकर चोटिल भी हो चुके हैं। यातायात नियमों का खुलेआम उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों में ट्रैफिक पुलिस का भी कोई डर दिखाई नहीं देता। जो शहर की प्रमुख सड़कों से लेकर हाईवे तक पर खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं।

### जाम के पीछे भी बेतरतीब संचालन मुख्य वजह

एक तरफ हादसे का सबब बनकर दौड़ रहे ई-रिक्शा से राहगीरों की जान पर खतरा है। सफर करते वक्त हल्की सी नजर हटी तो हादसा होना तय है। वहीं, सड़कों पर लगने वाले जाम के पीछे भी अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग के साथ ही ई-रिक्शा की बाजार में आवाजाही है। नो एंट्री के बाद भी बाजार समेत अन्य मार्गों पर ई-रिक्शा प्रवेश कर जाते हैं। जिसकी वजह से जाम लगता है। कार्रवाईयां भी होती हैं, लेकिन पूर्ण रूप से नियम पालन नहीं हो पा रहा है।

## घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचारः** गांव के ही एक युवक ने घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना न्यूरिया में दी गई तहरीर में क्षेत्र की एक किशोरी ने बताया कि चार मार्च को दोपहर एक बजे गांव का सोनू पुत्र हजारीलाल उसके घर में घुस आया। इसके बाद उसे पकड़कर अश्लील हरकत करने लगा।

विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। जब उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हो गए। इस पर आरोपी मौके से भाग गया। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### त्यौहार मनाने रिश्तेदारी में आई महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पीलीभीत जिले के थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव महाराजपुर निवासी गोलू की 24 वर्षीय पत्नी रीता गोपालपुर कुश्मरी अपनी ननद के यहां के होली को त्यौहार मनाने सोमवार को आई थी। बताते है रंग वाले दिन शाम को रीता की अचानक हालत खराब हुई। इस पर परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रीता की रास्ते में मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### लापता व्यापारी की लोकेशन हरिद्वार में मिली

**पसगवां, अमृत विचार:** कस्बा निवासी व्यापारी अजेंद्र कुमार गुप्ता शुक्रवार की सुबह घर से निकलने के बाद अचानक लापता हो गए। उनके परिजन ने तलाश करने के बाद पुलिस को उनकी लोकेशन हरिद्वार के आसपास मिली। सूचना पर परिजन वहां के लिए रवाना हो गए। तलाश करने पर भी न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई कि रोजाना की तरह शुक्रवार को भी अजेंद्र सुबह घर से टहलने के लिए निकले थे लेकिन देर तक न लौटने पर चिंतित परिवार ने तलाश की। लोकेशन मिलने से परिवार ने राहत की सांस ली है।

# चेयरमैन और प्रधान समेत पांच नामजद, 24 अज्ञात पर एफआईआर

## पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज की क्रॉस रिपोर्ट, रुरिया धुरिया गांव में हुई मारपीट

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** एक ग्रामीण के बाइक एक्सीडेंटल मामले में बुलाई गई पंचायत के दौरान रुरिया धुरिया गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है। दर्ज की गई क्रॉस रिपोर्ट में एक पक्ष से ग्राम प्रधान समेत तीन नामजद और दूसरे पक्ष से नगर पंचायत बिलसंडा चेयरमैन समेत तीन नामजद आरोपी बनाए गए हैं। दोनों एफआईआर में एक-एक दर्जन अज्ञात लोग भी आरोपी बने हैं। पुलिस अब पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। विवेचना शुरू कर दी गई है।

एक पक्ष से दी गई तहरीर में कस्बे के गोला रोड के रहने वाले श्यामू गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता ने बताया कि वह गायत्री ऑटो मोबाइल पर फाइनेंस मैनेजर हैं। उनके पास गांव रुरिया धुरिया के ग्राम प्रधान कालीचरन गुरुवार सुबह आए थे। एजेंसी पर बाइक एक्सीडेंटल मामले में बात की और फिर दोपहर करीब



थाना बिलसंडा। ● अमृत विचार

- एक दिन पूर्व सुलह-समझौते को बुलाई पंचायत में दोनों पक्षों में हुआ था विवाद

12 बजे अनावश्यक रुप से गाली गलौज शुरू कर दी। उनके रिश्ते के भाई नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता से इसकी शिकायत की। इस पर चेयरमैन ने जानकारी की तो आरोपी प्रधान ने समझौते के नाम पर दोपहर में गांव बुलाया। आरोप है कि सुनियोजित तरीके से भीड़ जुटा रखी थी और हमला कर दिया।

बचाने पर चेयरमैन पर भी हमला किया गया था। पुलिस ने कालीचरण ग्राम प्रधान, विपिन, धर्मेंद्र और एक दर्जन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, दूसरे पक्ष से ग्राम प्रधान धुरिया के ग्राम प्रधान कालीचरन ने तहरीर देकर बताया कि पांच मार्च को दोपहर एक बजे कस्बा बिलसंडा के लाडले पुत्र पप्पू से मेरे गांव के प्रेमपाल पुत्र बलवंत से बाइक एजेंसी में सही करने को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसमें लाडले के साथ आए चेयरमैन समेत अन्य लोगों ने गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। कस्बा बिलसंडा आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। ग्राम प्रधान की ओर से पुलिस ने नगर पंचायत अध्यक्ष बिलसंडा डीके गुप्ता, लाडले को नामजद करते हुए एक दर्जन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

> दोनों पक्षों से तहरीर मिली थी। क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना कराई जा रही है, साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> –सिद्धांत शर्मा, एसओ बिलसंडा।

### ग्रामीण पर हमला, चार पर रिपोर्ट

**बिलसंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव इरादतपुर पगार निवासी छेदालाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही शिवम, सतीश, रोहित और अमित ने उनके पुत्र सचिन को रोक गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर पीटा। आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

# नशा कारोबारियों के दो गुटों में खूनी संघर्ष

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** नगर के प्रमुख मोहल्ला बाजार में गुरुवार देर शाम नशा कारोबार को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। इस दौरान फायरिंग भी हुई। इससे अफरा-तफरी मच गई। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कई अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं।

मोहल्ला बाजार स्थित ठाकुरद्वारा से गोल बिल्डिंग की ओर जाने वाली गली में नशा कारोबार से जुड़े दो गुटों के बीच काफी समय से रंजिश चली आ रही थी। गुरुवार देर शाम जिला बदर चल रहे आरोपी अंकित गुप्ता उर्फ अंकित माल्या पुत्र सचिंद्र गुप्ता अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अनमोल गुप्ता पुत्र शिवकुमार गुप्ता उर्फ लाला को अकेला पाकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

अचानक हुए हमले से इलाके में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर अनमोल के परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हमलावरों को ललकारा। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ


घायल अनमोल गुप्ता। ● अमृत विचार

- लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर चले, जिला बदर पर हमले का आरोप, युवक गंभीर घायल, फायरिंग से दहशत

गए और देखते ही देखते गली में ईंट-पत्थर चलने लगे।

बताते हैं कि इस दौरान फायरिंग भी हुई। इससे गली में भगदड़ मच गई। आसपास के लोग अपने घरों में दुबक गए। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद फायरिंग की बात से इनकार करते हुए इसे अफवाह बताया है। मारपीट में अनमोल गुप्ता के सिर में गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने उसे सीएचसी पलिया पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के कुछ लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं।

पुलिस ने मोहल्ले में लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। उधर जिला बदर अपराधी के खुलेआम नगर में घूमने से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान उठने लगे हैं।

### नशा कारोबार को लेकर पहले भी हो चुके हैं विवाद

स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ला बाजार क्षेत्र में नशे के कारोबार को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं। कई बार पुलिस तक शिकायत भी पहुंची, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। गुरुवार की घटना के बाद लोगों में फिर से दहशत का माहौल बन गया है।

> घटना की जांच की जा रही है। गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार जारी है। जिला बदर आरोपी अंकित गुप्ता उर्फ अंकित माल्या और उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।
> –पंकज त्रिपाठी, थानाध्यक्ष पलिया कलां।

# प्रियंका ने पिता के सपने को किया साकार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- यूपीएससी परीक्षा 2025 में हासिल की 206 वीं रैंक

**अमृत विचारः** यूपीएससी परीक्षा 2025 का परिणाम शुक्रवार को जारी हो गया। इसमें शहर से सटी राजीव कॉलोनी निवासी स्वर्गीय जवाहर सिंह यादव की पुत्री प्रियंका यादव ने पुनः सफलता प्राप्त कर 206वीं रैंक हासिल की है। पुत्री की सफलता पर परिवार में खुशी है। परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।


प्रियंका यादव।

2023 में प्रियंका यादव ने यूपीएससी में 385 रैंक हासिल कर आईआरएस बनी थी। इस बार 206वी रैंक हासिल कर उसने अपनी आईएएस की सीट पक्की कर ली है। प्रियंका की प्रारंभिक शिक्षा शहर के लायंस बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीलीभीत में हुई थी। प्रियंका के पिता जवाहर सिंह यादव साधारण किसान थे। जिला वॉलीबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी रहे थे। उनका निधन दो फरवरी को हो गया था। प्रियंका की मां सरोज यादव गृहणी हैं। उनके दो छोटे भाई शिवेंद्र यादव, रजत यादव है। एक वकील और दूसरा डॉक्टर है। प्रियंका ने इस कामयाबी का श्रेय पिता को देना चाहती हैं। बताते हैं कि पिता उन्हें आईएएस बनते हुए देखना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि उन्होंने 206वीं रैंक लाकर पापा का सपना पूरा किया है। वह भले हमारे बीच में नहीं मगर जहां भी होंगे बहुत खुश हो रहे होंगे। अपना आशीर्वाद दे रहे होंगे। जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव राजेश शुक्ला समेत अन्य खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# मार्ग दुर्घटना में फेरी लगाने वाले युवक की मौत, दो घायल

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** मार्ग दुर्घटना में कपड़ा की फेरी लगाने वाले बाइक सवार युवक की मौत हो गई और उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को खुटार अस्पताल भेजा। जहां से रेफर कर दिया गया। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव पोस्टमार्टम भेज दिया है। पुलिस वाहन चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है।

जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा पलिया के मोहल्ला बरमुंडा निवासी शिवा (22) अपने साथी समीर (25) पुत्र मोहम्मद अनीस, कस्बा भीरा के गांव ढकना निवासी मामा मुनीष (23) के साथ बाइक से शुक्रवार को खुटार किसी काम से आए थे। शाम करीब 4:30 बजे बाइक से वापस घर लौट रहे थे। खुटार-मैलानी रोड पर रपटा पुल के पास सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सहित सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो


घटना की जानकारी करती खुटार पुलिस। ● अमृत विचार

गए। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने समीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि शिवा और मुनीष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसे की जानकारी पाकर खुटार थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और

- खुटार-मैलानी सीमा पर पिकअप से हुआ हादसा, पुलिस ने परिजनों से की पूछताछ

घायलों से घटना की जानकारी ली। बाद में परिजनों को सूचना दी तो कोहराम मच गया। परिजन रोते हुए मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। उधर, शिवा ने बताया कि उसका दोस्त समीर दीदी के घर चलने की बात कहकर उसे व उसके मामा को लेकर खुटार आया था। लेकिन खुटार आने के बाद पांच मिनट में ही वापस घर लौटने लगे और यह हादसा हो गया। बाइक समीर चला रहा था। शिवा ने बताया कि समीर गांव-गांव में कपड़ा फेरी लगाकर परिवार का पालन पोषण करता था। घर का इकलौता बेटा था। हादसे में समीर की जान चली गई। इधर, पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है।

# संपत्ति में हिस्सा न मिलने तक पति का अंतिम संस्कार करने से इंकार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- दूसरे दिन भी फ्रीजर में रखा रहा रामू राजपूत का शव
- सुरक्षा की दृष्टि से उनके घर पर पुलिस का लगा दिया पहरा

**अमृत विचारः** शुक्रवार को नगर की खुटार रोड स्थित मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना में संपत्ति बंटवारे के विवाद के चलते मृतक की पत्नी ने हिस्सा न मिलने का आरोप लगाते हुए पति का अंतिम संस्कार कराने से इंकार कर दिया, जिससे तनाव की स्थिति बन गई।

नगर के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी रामू राजपूत का अपने परिजनों के साथ काफी समय से संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। रामू राजपूत बीमार थे और उनका इलाज जिला अस्पताल ओयल में चल रहा था। परिजनों के मुताबिक डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया था, लेकिन लखनऊ ले जाने की तैयारी के दौरान ही उनकी मौत हो गई।

मृतक की पत्नी सुनीता राजपूत का आरोप है कि परिवार में संपत्ति के बंटवारे में उन्हें और उनके पति को हिस्सा नहीं दिया गया था। इसी कारण उन्होंने अंतिम संस्कार कराने से मना कर दिया और कहा कि जब तक बंटवारे में मिलने वाली संपत्ति का हिस्सा नहीं दिया जाएगा, तब तक वह अंतिम संस्कार नहीं होने देंगी। स्थानीय पुलिस ने मौके की स्थित को देखते हुए मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर कोई विवाद या बवाल न हो इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से उनके घर पर पुलिस का पहरा बैठा दिया है, जहां कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर संतोष सिंह यादव, वरिष्ठ उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह और महिला पुलिस को भी तैनात किया गया है।

# शंख वादन में सौभाग्य प्रथम व उज्वल रहे द्वितीय


प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत करते आचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

- बच्चों और महिलाओं की हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार :** श्रीकुल सेवा संस्थान (श्रीपीठ) पर आयोजित होलिकोत्सव में बच्चों की श्लोक वाचन व शंख वादन तथा महिलाओं की कीर्तन- भजन एवं व्यंजन प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतिभागियों को संस्थान के कुलउपासक आचार्य गोविंद माधव मिश्र आदि ने पुरस्कृत व सम्मानित किया।

श्लोक और मंत्र वाचन प्रतियोगिता में सौभाग्य शुक्ला प्रथम और उज्वल वर्मा दूसरे स्थान पर रहे। नगर के करीब डेढ़ दर्जन प्रतिभागी बच्चों के मध्य सस्वर शुद्ध श्लोक एवं मंत्र वाचन प्रतियोगिता में सौभाग्य शुक्ला प्रथम व उज्ज्वल वर्मा दूसरे स्थान पर रहे, जबकि शंख वादन में उज्वल वर्मा प्रथम, मनीष अवस्थी द्वितीय व सौभाग्य शुक्ला तृतीय रहे। निर्णायक मंडल में गगन मिश्रा एड., रोटेरियन डीके श्रीवास्तव व डीपी मिश्रा रहे। महिलाओं की लोकगीत गायन प्रतियोगिता में मंजू वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर टेबिल फैन, पूनम गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर केतली सेट तथा कांति कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त कर लैमन सेट जीता। जबकि व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नीलम कत्याल ने व द्वितीय शताक्षी ने जीता। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य रत्ना बाजपेई व नीलम मिश्रा रहीं। श्रीपीठाधीश्वर आचार्य गोविंद माधव मिश्र ने प्रतियोगी बच्चों को दुर्गा सप्तशती, प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

# श्रद्धालुओं को मुस्लिम युवकों ने किया सम्मानपूर्वक विदा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की एक और मिसाल उस समय देखने को मिली, जब अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं को मुस्लिम युवकों ने सम्मानपूर्वक विदा किया। संकटा देवी मंदिर से साइकिल पदयात्रा पर अयोध्या के लिए निकले श्रद्धालुओं को मुस्लिम समाज के युवकों ने शुभकामनाओं के साथ रवाना कर उनकी यात्रा के सफल होने की कामना की।

ईदगाह इलाके के सरवन कश्यप के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का एक दल साइकिल से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। यात्रा शुरू होने से पहले संकटा



श्रद्धालुओं को विदा करते मुस्लिम युवक। ● अमृत विचार

देवी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान से मंगलमय यात्रा की प्रार्थना की। इसके बाद साइकिल पदयात्रा का दल उत्साह के साथ अयोध्या के लिए रवाना हुआ। इस दौरान मुस्लिम समाज के शब्बू अली और रजी ने श्रद्धालुओं को फूल-मालाएं पहनाकर तथा शुभकामनाएं देकर विदा किया। उन्होंने कहा कि शहर में हमेशा से आपसी भाईचारा और सौहार्द की परंपरा रही है, जिसे आगे भी बनाए रखना सभी की

- संकटा देवी मंदिर से साइकिल पदयात्रा पर निकले श्रद्धालु

जिम्मेदारी है।

रवाना करते समय उल नदी क्षेत्र के छोटे पंडित ने श्रद्धालुओं से कहा कि अयोध्या पहुंचकर सबसे पहले जिले में आपसी भाईचारा, सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करें। इस साइकिल पदयात्रा में सरवन कश्यप, अशोक कश्यप, संदीप जायसवाल, राम लखन चौरसिया, राजेंद्र कश्यप सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान शब्बू अली, रजी, छोटे पंडित समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

# गन्ना बुवाई को लेकर किसानों को किया जागरूक

- चहलुवा क्रयकेंद्र पर किसान गोष्ठी में वैज्ञानिकों ने दी उन्नत खेती की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बजाज चीनी मिल खंभारखेड़ा के तत्वावधान में नानपारा जोन के क्रयकेंद्र चहलुवा में बसंतकालीन गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करने के लिए एक किसान जागरूकता गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें सैकड़ों किसानों, कृषि विशेषज्ञों और गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. वीसी जादौन मुख्य वक्ता रहे। इसके अलावा चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) पुष्पेंद्र ढाका, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) संजीव कुमार व राज सिंह, क्षेत्रीय


जागरुकता किसान गोष्ठी में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

प्रभारी मंजीत सिंह, प्रगतिशील कृषक जगदीश प्रसाद मौर्य, पंजाब सिंह, राज किशोर मिश्रा और संतोष मौर्य सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ. वीसी जादौन ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई की उन्नत एवं वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को भूमि एवं बीज शोधन, अधिक उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकों तथा फसल संरक्षण के प्रभावी उपायों के बारे में जागरूक किया। सलाह दी कि गन्ने की पंक्ति से पंक्ति की दूरी कम से कम चार फीट रखी जाए। उन्होंने बीज उपचार, भूमि उपचार, सिंगल बड तकनीक, ट्रेंच विधि, जैविक खाद का प्रयोग आदि जानकारियां दी।

# रोडवेज बस रुकवाने का प्रयास और परिचालक से अभद्रता की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कोतवाल बीसलपुर संजीव कुमार शुक्ला बोले- मामला भुता थाना क्षेत्र का है, यहां का नहीं
- एआरएम विपुल पाराशरी ने मामले जानकारी होने पर पुलिस से कार्रवाई को लेकर बात की

**अमृत विचारः** नशे में धुत युवकों ने रोडवेज बस रुकवाकर परिचालक से अभद्रता की। जान से मारने तक की धमकी भी दी गई। इसकी शिकायत पुलिस से की गई है।

रामपुर जनपद के थाना शहजादनगर क्षेत्र के ग्राम नरखेड़ा के निवासी मदनलाल रोडवेज में परिचालक है। शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे बस लेकर बीसलपुर से मीरगंज की ओर जा रहे थे। आरोप है कि बीसलपुर के ईदगाह चौराहे के पास पहुंचते ही नशे में युवक ने बस को रुकवाना चाहा। बस को गलत तरीके से रोकने से मना किया तो अभद्रता की।

कुछ ही देर में आरोपी ने करीब 25 साथियों को बुला लिया। लाठी-डंडे लेकर कई लोग आ गए। उन्होंने बस को घेर लिया और हमला कर दिया। इस बीच रुपये रखे बैग को छीनने लगे। कुछ यात्रियों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की। फिर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

इधर, एआरएम विपुल पाराशरी ने मामले जानकारी होने पर पुलिस से कार्रवाई को लेकर बात की। इधर, कोतवाल बीसलपुर संजीव कुमार शुक्ला का कहना है कि मामला बरेली के भुता थाना क्षेत्र है, बीसलपुर का नहीं है। वाहन की साइड लगने को लेकर विवाद था। यहां का नहीं है।



| इफ्तार शनिवार | सहरी रविवार |
|---|---|
| सुन्नी : 6:13 | सुन्नी : 4:59 |
| शिया : 6:15 | शिया : 5:02 |

# अवैध कट नहीं हुए बंद, डीएम की मुहिम को पलीता

## सड़क हादसों में कमी लाने के लिए शुरू किया गया था अभियान, पीडब्ल्यूडी नहीं कर सका कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जनपद में बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए डीएम की ओर से शुरू किया गया जोन ऑफ एक्सीलेंस अभियान जिम्मेदार विभागों की लापरवाही के कारण पटरी से उतरता दिख रहा है। हाईवे के डिवाइडर पर बने अवैध कट बंद कराने के निर्देश दिए जाने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बीते साल सात फरवरी को स्वयं एलआरपी चौराहे पर पहुंचकर दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया था। साथ ही सीतापुर रोड पर लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र में बने कुछ अवैध कट तत्काल बंद कराए थे और शेष कट बंद कराने के निर्देश पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए थे। इसके बावजूद साल भर बाद भी पीडब्ल्यूडी (सीडी-1) के जिम्मेदार अधिकारी डिवाइडर पर बने अवैध कट बंद नहीं करा सके हैं। स्थिति यह है कि एलआरपी चौराहे से मोतीपुर लिंक मार्ग तक लोगों ने अपनी सुविधा के अनुसार डिवाइडर में करीब 16 अवैध कट बना लिए हैं, जो आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं।

जिले में तेज रफ्तार, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना और यातायात नियमों की अनदेखी के साथ-साथ ऐसे अवैध कट भी दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रहे हैं। जिलाधिकारी की पहल का उद्देश्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना और हाईवे पर बने इन खतरनाक कटों को बंद कराकर हादसों पर रोक लगाना था, लेकिन विभागीय उदासीनता से अभियान की मंशा पूरी होती नजर नहीं आ रही है।



सीतापुर हाईवे के डिवाइडर पर बने अवैध कट से निकलता बाइक सवार। ● अमृत विचार



हाइवे किनारे गांव जाने वाले रास्ते के सामने बना अवैध कट। ● अमृत विचार

> जोन ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत आने वाले डिवाइडर के साथ ही अन्य अवैध कट बंद कराए जाएंगे। फिलहाल सीतापुर हाइवे सीडीवन के क्षेत्राधिकार में हैं। अवैध कट बंद कराए गए या फिर नहीं इसके बारे में वही बेहतर बता सकते हैं। **-अनिल कुमार यादव,** अधिशासी अभियंता सीडी थ्री

### सीतापुर हाईवे पर 15 किलोमीटर में 16 अवैध कट

एलआरपी से ओयल के मोतीपुर में स्थित जिला अस्पताल की दूरी करीब 15 किलोमीटर है। जबकि एलआरपी से जिला अस्पताल जाने वाले मोड़ तक 16 शार्ट कट के अवैध कट बने हैं। इनमें कुछ एक फिट के हैं तो कुछ आठ से ठस फिट के। मोतीपुर तक हाइवे किनारे बनाकर रह रहे लोगों से लेकर गांव वालों ने अपनी सुविधा के मुताबिक कट बनाकर आवागमन करते हैं। इससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। लखीमपुर सीतापुर हाइवे पर चिमनी गांव तक एरिया जोन ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत आता है। बावजूद इसके जिम्मेदारों ने अभी तक अवैध कटों को बंद करना जरूरी नहीं समझा।



हाईवे पर पेट्रोल पंप के सामने बनाया गया अवैध कट। ● अमृत विचार

### फरवरी तक जिले में 774 हादसों में 525 की हुई मौत

यूपी के 20 सर्वाधिक हादसों वाले जिलो में लखीमपुर खीरी भी शामिल है। इसमें पहले नंबर पर हरदोई तो 11वें नंबर पर खीरी है। पिछले साल जिले में 774 सड़क हादसे हुए, जिसमें 525 लोगों की जान चली गई।

### पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने किए थे लंबे चौड़े दावे

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव ने जोन ऑफ एक्सीलेंस के तहत सड़क किनारे का अतिक्रमण हटवाना, इस एरिया में होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण, सड़कों पर अनधिकृत कब्जे रोकना, डिवाइडरों के अवैध कट बंद कराने के लंबे चौड़े दावे किए थे। मगर, हकीकत में यह दावे रात गई बात गई की तरह होकर रह गए। करीब 42 दिन बीत जाने के बाद भी हाइवे के कट अब तक बंद नहीं किए गए।

> अवैध कट तमाम बंद कराए गए थे, लेकिन कुछ छूट गए थे। ज्यादा डिटेल में जानकारी नहीं है। यदि किसी कट के कारण ज्यादा दिक्कत हो रही है तो उसे बंद कराया जाएगा। **-केके झा,** अधिशासी अभियंता- सीडी वन

## चीनी मिल के बंदी नोटिस पर किसान नेता को ऐतराज

**केशवापुर, अमृत विचार:** बजाज चीनी मिल के अधिकारियों द्वारा आठ मार्च को मिल बंद होने का प्रथम नोटिस जारी करने पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। जिलाध्यक्ष श्री दीक्षित ने कहा है कि किसानों का उत्पीड़न ठीक नहीं है। भुगतान की गति न बढ़ने के कारण और होली की वजह से चीनी मिल को गन्ना नहीं पहुंच पा रहा है। मजदूर होली की छुट्टी के बाद अभी काम पर वापस नहीं लौटे हैं। कुछ किसान भुगतान न मिलने के कारण नाराज है, लेकिन ऐसा नहीं है कि किसानों के पास गन्ना नहीं बचा। गोला चीनी मिल के पास दो मिल हैं। अगर कम गन्ना मिल रहा है तो छोटी मिल चलाएं। अभी पूरे क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में गन्ना खड़ा है, जिसका गन्ना विकास विभाग पुनः सर्वे कराये और किसानों से संपर्क स्थापित किया जाए। उन्होंने मांग की है कि चीनी मिल बंद होने की प्रशासन द्वारा अनुमति कदापि न दी जाए।

- **किसानों का उत्पीड़न ठीक नहीं, अगर कम गन्ना मिल रहा है तो छोटी मिल चलाएं**

## न्यूज ब्रीफ

### शराब के नशे में बोतल से किया प्रहार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी सतेंद्र कुमार वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनका छोटा भाई मोनू वर्मा घर के पास सड़क किनारे खड़ा था। मोहल्ले के कुलदीप और हिमांशु वर्मा शराब के नशे में गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हिमांशु ने शराब की बोतल मोनू के सिर पर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। घायल युवक को सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल लिए रेफर कर दिया। मामले की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अज्ञात के शव की दूसरे दिन भी नहीं हुई पहचान

**केशवापुर, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे 730 पर सराहा पेट्रोल पंप खम्हौल के सामने गुरुवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति की दूसरे दिन भी पहचान नहीं हो सकी है। ढकवा चौकी इंचार्ज जय नरायन ने बताया कि दुर्घटना में मृत व्यक्ति का फोटो सोशल मीडिया और वाट्सएप के जरिये प्रसार कराया गया है, अभी तक किसी भी व्यक्ति ने शव की पहचान नहीं की है। शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

### कैंसर से जूझ रहे युवक ने की आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव तेंदुआ निवासी जंगली का 35 वर्षीय बेटा अशोक कुमार लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित था। बताते हैं कि वह लंबे से इलाज भी करा रहा था, लेकिन सेहत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। गुरूवार की देर शाम जब घर पर कोई नहीं था। तभी उसने घर के अंदर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## बाइक की टक्कर से युवक घायल

**रजागंज, अमृत विचार:** पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की दोपहर पैदल चल रहे युवक को बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया है। कोतवाली गोला क्षेत्र के गांव बैकुंठा निवासी दुर्गेश सिंह (21) अपने घर से पैदल मोबाइल ठीक कराने रजागंज जा रहा था। गोला-लखीमपुर मार्ग पर दुकान के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद दुकानदारों ने घायल को निजी वाहन से सीएचसी फरधान में भर्ती कराया और परिवार को सूचना दी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित वाजपेयी ने बताया की घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है।

# नौशर जोगी गांव में घरेलू विवाद के चलते ग्रामीण की पीट-पीटकर हत्या

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचार:** भीरा थाना क्षेत्र के नौशर जोगी गांव में घरेलू विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। गाली-गलौज का विरोध करने पर कुछ लोगों ने 50 वर्षीय ग्रामीण को लाठी-डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नौशर जोगी गांव निवासी रामसेवक (50) शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अपने घर के पास थे। इस दौरान गांव के कुछ लोग आपस में गाली-गलौज कर रहे थे। रामसेवक ने इसका विरोध करते हुए उन्हें ऐसा न करने की बात कही। इससे नाराज होकर पूरन, अवधेश, नीरज, राजकुमार तथा राजकुमार के भाई ने रामसेवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने रामसेवक को घेर कर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक हमलावरों ने उसे पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इस दौरान रामसेवक के साढ़ू का लड़का अरविंद उसे बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद घायल रामसेवक को परिजन आनन-फानन में बिजुआ सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में तनाव का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे और बिजुआ चौकी इंचार्ज सुशील तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद आरोपी घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पहले भी आरोपियों का घरेलू विवाद को लेकर कई बार झगड़ा हो चुका है।

घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। मृतक के परिवार के लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। सूचना पर सीएचसी पहुंचे सीओ गोला रमेश तिवारी ने मृतक के परिवार वालों से घटना की जानकारी ली। घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से भी पूछताछ की।



परिवार से बात करते गोला सीओ रमेश कुमार तिवारी। ● अमृत विचार



बिजुआ सीएचसी में लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

- **बीच बचाव करने के लिए पहुंचे युवक को भी पीटा**
- **पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज**

> गांव में कुछ लोगों के बीच मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसको अस्पताल में मृत घोषित किया गया है। तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। **-रोहित दुबे थानाध्यक्ष**

# होली मिलन में संवत वाचन गूंजा



होली मिन समारोह में संवत सुनते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गांव शिवपुर में वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत होली पर सामूहिक होली मिलन एवं संवत वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परंपरा के अनुसार होली के दिन रंग खेलने के बाद दूसरे पहर में पूरा गांव एकत्र होकर स्वर्गीय हरि चरण लाल मिश्र के द्वार पर जुटा। यहां टेंट और ध्वनि व्यवस्था के बीच ग्रामीणों ने संवत वाचन सुना और एक-दूसरे का आशीर्वाद लेकर होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस वर्ष कार्यक्रम का विशेष महत्व रहा, क्योंकि पूज्य महाराज के भंडारे के तीसरे दिन यह होली मिलन आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों ने पूज्य महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्री हरि चरण सेवा संस्थान और गांव के लोगों ने मिलकर सहयोग किया। व्यवस्थाओं में प्रभाकर अवस्थी, शशांक पांडेय, शाश्वत, सत्यम, योगेंद्र, रोहित, आयुष, अनमोल, रजत और धनंजय सहित कई युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। संस्था अध्यक्ष व भाजपा जिला महामंत्री मनीष मिश्र ने संवत वाचन कर रहे नीरज मिश्र का स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम में कवि नवल सुधांशु मिश्र और शशांक पांडेय ने काव्य पाठ किया। इस मौके पर श्री रंग जी मिश्र, गीता मिश्र, देवाराम, रजनीकांत पांडेय, विनोद शुक्ल, यज्ञ, विमल आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने दरोगा और तीन सिपाही किए निलंबित

संवाददाता, मैगलगंज

- **लालपुर गांव में दबिश के दौरान महिलाओं से अभद्रता का मामला**

**अमृत विचार:** मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के लालपुर गांव में पुलिस दबिश के दौरान महिलाओं से अभद्रता के मामले में एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सीओ की जांच रिपोर्ट के बाद एक दरोगा व तीन सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

मैगलगंज कोतवाली में तैनात दरोगा चरन सिंह व कांस्टेबल जानी, विष्णु और इंद्रेश सिविल ड्रेस में लालपुर गांव के एक मकान में दबिश देने पहुंचे थे। आरोप है कि दबिश के दौरान घर में महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना के बाद गांव में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों के व्यवहार पर नाराजगी जताई। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान किसी ग्रामीण ने वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई और उच्चाधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया।

एसपी ने मामले की सीओ मितौली से जांच कराई गई। प्रारंभिक जांच में पुलिसकर्मियों की अनुशासनहीनता सामने आने पर एसपी ने दरोगा चरन सिंह और तीनों कांस्टेबल जानी, विष्णु व इंद्रेश को निलंबित कर दिया। क्षेत्राधिकारी मितौली यादवेंद्र यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले मैगलगंज कोतवाली के दरोगा और सिपाही लालपुर गांव में दबिश देने गए। वहां महिलाओं ने उनके खिलाफ अभद्रता का आरोप लगाया था।

# पेट्रोल व डीजल लेने को लगी भीड़



गोला के रिलायंस साईं पेट्रोल पंप पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **ट्रालियों, ई-रिक्शा पर ड्रम लादकर डीजल भरवाने पहुंच रहे लोग**

**अमृत विचार:** नगर की पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल लेने के चक्कर में लोगों में आपाधापी दिखी। लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली, ई रिक्शों में ड्रम रखकर डीजल लेने पहुंचे। लखीमपुर रोड पर सांई पेट्रोल पंप पर कुछ लोग बाल्टी में डीजल भरवाते मिले। प्रशासन के निर्देश पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल रमेश कुमार ने लोगों बताया कि डीजल, पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। यह सब अफवाह है लेकिन लोगों ने उनकी एक न सुनी और डीजल पेट्रोल भरवाते रहे।

एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बताया कि पेट्रोल पंपों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। अफवाह पर ध्यान न दिया जाए। रिलायंस पेट्रोल पंप के मैनेजर सत्यम गुप्ता ने बताया कि सामान्य दिनों में डीजल की बिक्री 10 हजार लीटर रहती थी। इधर दो दिन में बिक्री ढाई गुना बढ़ गई है। बताया कि वह भी लोगों को बता रहे हैं कि डीजल, पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। लेकिन लोग मन नहीं रहें है।

# गोविंदपुर फार्म में तेंदुए ने कुत्ता व बछिया का किया शिकार

संवाददाता, निघासन

- **वन विभाग ने लगवाया पिंजरा ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के लुधौरी गांव के मजरा गोविंदपुर फार्म में गुरुवार रात तेंदुए ने एक पालतू कुत्ते और बछिया को शिकार बना लिया। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

गोविंदपुर फार्म निवासी रमन सिंह ने बताया कि गुरुवार देर रात तेंदुआ उनके घर के पास पहुंचा और उनके पालतू कुत्ते को खींचकर ले गया। इससे पहले भी तेंदुआ उनके दो पालतू कुत्तों को शिकार बना चुका है। रमन सिंह के अनुसार तेंदुए को कई बार गांव के आसपास घूमते देखा है। वह आए दिन खेतों और घरों के आसपास बंधे मवेशियों पर हमला कर रहा है।

गुरुवार रात पड़ोस में रहने वाले सालिकराम की मोटर के पास बंधी एक बछिया को भी तेंदुए ने मार डाला। सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के इलाके का निरीक्षण किया। वन दरोगा अखिलेश रावत ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को रात के समय घरों से बाहर न निकलने, मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर बांधने और बच्चों को अकेले बाहर न भेजने की सलाह दी है। साथ ही तेंदुए को पकड़ने के लिए इलाके में पिंजरा भी लगा दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी क्षेत्र के आसपास तेंदुए की लगातार आवाजाही से लोगों में डर का माहौल है। शाम होते ही लोग घरों में कैद हो जाते हैं।

**भ्रम की स्थिति** | ईरान-इजराइल तनाव की चर्चा को लेकर लोग सहमे, प्रशासन की ओर से बताया ईंधन की कोई कमी नहीं

# अफवाह से पेट्रोल पंपों पर अफरा-तफरी, टंकियां फुल कराने को उमड़ी भीड़

संवाददाता, लखीमपुर खीरी/मूड़ा सवारान

**अमृत विचार:** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान-इजराइल के बीच युद्ध की खबरों के बीच पेट्रोल-डीजल की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी की अफवाह से खासतौर पर जिले के ग्रामीण कई इलाकों में शुक्रवार को पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही लोग अपने वाहनों की टंकियां फुल कराने के लिए पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे। दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लंबी कतारों के चलते कई स्थानों पर अफरा-तफरी जैसे हालात बन गए। बिजुआ, भीरा, बस्तौला, मूड़ा सवारान और अलीगंज सहित कई पेट्रोल पंपों पर दिन भर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

वाहन चालकों का कहना था कि यदि अंतरराष्ट्रीय हालात बिगड़े और पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ीं, तो इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। इसी आशंका के चलते लोग पहले से ही टंकियां फुल कराने में जुट गए। लोगों का कहना था कि भारत अपने अधिकांश कच्चे तेल का आयात पश्चिम एशिया से करता है, इसलिए वहां की किसी भी अस्थिरता का असर देश के तेल बाजार पर पड़ सकता है।

ऐसे में परिवहन लागत बढ़ने से रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम भी बढ़ सकते हैं। उधर अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर फैल रही खबरों का खंडन करते हुए कहा कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें।



बस्तौला पेट्रोल पंप पर लगी ग्राहकों की भीड़। ● अमृत विचार



> जनपद में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पूरा स्टॉक उपलब्ध है। अफवाहों पर ध्यान न दें। केवल जरूरत के अनुसार ही खरीदें। अवैध तरीके से भंडारण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। **-अंजनी कुमार सिंह,** जिला पूर्ति अधिकारी।

### भानपुर और भीरा में उमड़ी हजारों की भीड़

**भानपुर।** भानपुर, पड़रिया तिलकपुर और आसपास के पेट्रोल पंपों पर गुरुवार से ही पेट्रोल-डीजल लेने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचने लगे। क्षेत्र में यह चर्चा फैल गई कि अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण पेट्रोल-डीजल की कमी हो सकती है और कीमतें बढ़ सकती हैं। इसी अफवाह के चलते लोगों में जल्द से जल्द ईंधन भरवाने की होड़ मच गई। हालांकि पेट्रोल पंप संचालकों ने लोगों को समझाते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी तरह की कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

### केनों में भरकर ले जाने लगे लोग

**मझगई।** बम्हनपुर, मझगई, नौगवां और तिकोना फार्म स्थित पेट्रोल पंपों पर तड़के से ही लंबी कतारें लग गईं। अफवाहों के चलते लोग अपने वाहनों के अलावा डिब्बों और कैनों में भी पेट्रोल-डीजल भरकर जमा करने लगे। अचानक बढ़ी भीड़ के कारण कुछ समय के लिए अव्यवस्था की स्थिति बन गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पंप प्रबंधन को पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस के पहुंचने के बाद लोगों को लाइन में लगाकर ईंधन दिलाया गया। इस दौरान कुछ स्थानों पर पेट्रोल की कालाबाजारी की भी शिकायत सामने आई है। जानकारी के अनुसार कुछ छोटे दुकानदारों द्वारा बोतलों में पेट्रोल 120 से 150 रुपये प्रति लीटर तक बेचे जाने की चर्चा रही, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

न्यूज ब्रीफ

## मैगलगंज पुलिस ने पकड़े नौ आरोपी

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना मैगलगंज पुलिस ने एसपी के आदेश पर चलाए गए अभियान के तहत विभिन्न मामलों में वांछित और वारंटी ब्रजकिशोर, रामदयाल, पप्पू, रामकुमार, नवल किशोर, महेंद्रकुमार श्याम किशोर निवासी खूटी खुर्द, विमल अवस्थी निवासी सदरपुर थाना मैगलगंज और विकास शुक्ला निवासी हिमायुपुर थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान भेजा है।

## जान से मारने की धमकी देने पर रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला तीर्थ निवासी राकेश बाजपेई ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि तीन मार्च की रात साढ़े नौ बजे वह अपने बेटे के साथ मिल रोड स्थित एक दुकान पर सामान खरीद रहे थे। इसी दौरान वार्ड नंबर छह निवासी अवनीश तिवारी उर्फ पुत्ती अपने बेटे के साथ वहां पहुंचकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## मिल बंदी का प्रथम सूचना नोटिस भेजा

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : बजाज चीनी मिल गोला ने मिल बंदी का प्रथम सूचना 8 मार्च को सहकारी गन्ना विकास समिति को भेज दिया है। चीनी मिल के यूनिट हेड राकेश यादव ने बताया कि क्षेत्र के कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना समाप्त हो गया है, जिस कारण चीनी मिल को मांग के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे मिल का पेराई कार्य बाधित हो रहा है। किसानों से अनुरोध है कि आठ मार्च तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर देवें।

## विभिन्न मामलों में आठ आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना पसगवां पुलिस ने विभिन्न मामलों में रामनरेश, रतनेश, सुदेश कुमार, अंकुल कुमार निवासी मकसूदपुर, लोकेन्द्र सिंह निवासी गोना, प्रशांत, गोविंद और श्याम सिंह निवासी फक्कापुरवा थाना पसगवां को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

# बेलरायां के शाखा डाकघर में अक्सर लगा रहता है ताला

## डाकपाल महीने में एक-दो दिन ही आते हैं कार्यालय, वो भी कुछ देर के लिए, जरूरतमंदों के लिए दूर-दराज भटकना पड़ रहा

- पेंशन और जमा-निकासी के लिए 10 किमी दूर जाने की मजबूरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले के ग्रामीण इलाकों में डाक सेवाओं की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कस्बा बेलरायां स्थित शाखा डाकघर के अक्सर बंद रहने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि शाखा डाकपाल के नियमित रूप से कार्यालय न आने के कारण डाकघर का अधिकांश समय ताला बंद रहता है, जिससे लोगों के जरूरी काम नहीं हो पा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से शाम तक कई लोग डाकघर पहुंचकर शाखा डाकपाल का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ता है। आरोप है कि शाखा डाकपाल महीने में एक-दो दिन ही कार्यालय आते हैं और वह भी कुछ ही मिनटों के लिए। ऐसे में डाकघर से जुड़े अधिकांश काम प्रभावित हो रहे हैं और ग्रामीणों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सरकार की कई योजनाओं का लाभ लेने के



शाखा डाकघर बेलरायां में लटक रहा ताला। ● अमृत विचार

लिए क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) में खाते खुलवाए हैं।

इन्हीं खातों में बुजुर्गों की पेंशन, दिव्यांग पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं की राशि आती है। इसके अलावा ग्रामीणों की आरडी, फिक्स डिपॉजिट, मनी ट्रांसफर और रजिस्ट्री जैसी डाक सेवाएं भी इसी शाखा डाकघर के माध्यम से संचालित होती हैं। इन दिनों स्थिति यह है कि आईपीपीबी में नए खाते खुलवाने के लिए लोग कई दिनों से भटक रहे हैं, लेकिन शाखा डाकपाल के न आने के कारण उनके खाते नहीं खुल पा रहे हैं। जिन लोगों के खाते पहले से खुले हैं, वे भी अपने खातों से पेंशन या अन्य राशि नहीं निकाल पा रहे हैं।

मजबूर होकर ग्रामीणों को करीब 10 किलोमीटर दूर सिंगाही और तिकुनिया डाकघरों का रुख करना पड़ रहा है। इससे खासकर बुजुर्गों, दिव्यांगों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार दूर-दराज से आने वाले लोग सुबह से शाम तक इंतजार करते रहते हैं, लेकिन डाकघर बंद मिलने पर निराश होकर लौट जाते हैं। इससे उनके समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। सूत्रों के मुताबिक शाखा डाकपाल अक्सर कस्बे में आकर ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज कर वापस लौट जाते हैं, जिसके कारण पूरे दिन उप डाकघर पर ताला लटका रहता है। यही वजह है कि



डाकघर बंद होने से भटक रहा खाता धारक।

ग्राहकों को पेंशन, जमा-निकासी, खाता संचालन और अन्य डाक सेवाओं के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि डाक वितरण का कार्य एक बाहरी युवक को मजदूरी पर रखकर कराया जा रहा है। इससे डाक व्यवस्था की पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

लोगों का कहना है कि डाक वितरण जैसे संवेदनशील कार्य में अनधिकृत व्यक्ति की भूमिका उचित नहीं है। कुछ खाताधारकों ने यह भी आरोप लगाया है कि उनकी पासबुक और अन्य जरूरी दस्तावेज शाखा डाकपाल के पास ही रखे जाते हैं, जिससे उन्हें समय पर खाते की जानकारी और अपडेट नहीं मिल पाता। इतना ही नहीं, कुछ लोगों का कहना है कि उनकी नगदी भी काफी समय से जमा नहीं की गई है और वह शाखा डाकपाल के पास ही पड़ी है। इससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार मौखिक शिकायत के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। अब उन्होंने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत संबंधित उच्चाधिकारियों के साथ-साथ पोस्ट मास्टर जनरल, नई दिल्ली को भी भेजी है और मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### डाक निरीक्षक से शिकायत पर पहुंचा शाखा डाकपाल

कस्बा बेलरायां के लोगों ने शुक्रवार की दोपहर बाद डाक निरीक्षक पलिया कलां को मोबाइल फोन पर कॉल की और शाखा डाकघर न खुलने और शाखा डाकपाल के न आने की शिकायत कर कड़ी नाराजगी जताई। बताते हैं कि इसके करीब आधे घंटे के बाद शाखा डाकपाल कृष्ण कुमार बेलरायां पहुंचा। उसने शिकायत कर्ताओं पर शिकायत करने पर नाराजगी भी जताई। इससे उपभोक्ताओं में रोष है।

### डाक सर्वेयर का प्राप्त है संरक्षण

जानकार बताते हैं कि पलिया मंडल में तैनात रहे एक डाक सर्वेयर आरोपी शाखा डाकपाल का रिश्तेदार है। बेलरायां उप डाकघर उसी के अधीन आता है। एसडीआई और सर्वेयर के संरक्षण के कारण ही उपस्थिति आदि में हेराफेरी की जाती है। सूत्र बताते हैं कि इसकी एवज में उच्चाधिकारियों तक मोटी रकम पहुंचती है। यही वजह है कि उप डाकघर बेलरायां अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। उसका कोई पुरसा हाल नहीं है।

> मेरी आईपीपीबी आईडी काफी समय से बंद हैं। इसलिए खाते नहीं खुल पा रहे हैं। उपभोक्ताओं के खातों से रुपयों की निकासी भी नहीं हो पा रही है। मैं प्रतिदिन डाकघर जाता हूं और पूरा समय रहता हूं। लोग ड्यूटी पर न आने का आरोप क्यों लगा रहे हैं। इस बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता। **–कृष्ण कुमार**, आरोपी शाखा डाकपाल, बेलरायां

> मैंने 20 फरवरी को ज्वाइन किया है। शाखा डाकपाल की शिकायतें मिल रहीं हैं। कुछ कैश जमा न करने की भी मुझे जानकारी मिली है। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। **–रमेश वाजपेयी**, डाक सर्वेक्षक, पलिया कलां

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दो गंभीर घायल

- मैगलगंज बाईपास पर ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर

संवाददाता, मैगलगंज, अमृत विचार: मैगलगंज बाईपास पर शुक्रवार शाम तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बाइक पर सवार तीन युवक किसी कार्य से मैगलगंज की ओर आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मैगलगंज बाईपास पर पहुंची। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सोनू (30) निवासी मिश्रिख की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं हादसे में मकरंद और सोनल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया गया है।

# जहानीखेड़ा मार्ग पर वाहन की टक्कर से युवक की मौत

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: थाना पसगवां क्षेत्र के जहानीखेड़ा बरवर रोड पर गुरूवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी श्रीकांत का 18 वर्षीय बेटा सोनू गुरूवार की देर शाम बाइक से मजदूरी कर घर वापस लौट रहा था। बताते हैं कि पसगवां थाना क्षेत्र के चंदीला चौराहे बरवर - जहानीखेड़ा रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, रेफर

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में मैलानी थाना क्षेत्र के गांव प्रतापपुर निवासी सुरेश (50), अनीता देवी (45) पत्नी सुरेश कुमार गंभीर घायल हो गए। गंभीर अवस्था में दोनों को गोला सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# आबकारी अधिकारियों पर आरोप, राकिशसं ने सौंपा ज्ञापन

- आबकारी निरीक्षक से किसान के रुपये वापस दिलाने की मांग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: आबकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर किसान से कथित रूप से जबरन वसूली करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन (राकिशसं) ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन उनकी गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

सौंपे ज्ञापन में कहा है कि पहली मार्च को गांव भैंसटा निवासी किसान मदन लाल के चीनी मिल में गन्ना बेचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर लौटते समय आबकारी विभाग के कुछ लोगों ने इंडिकेटर तोड़ने का आरोप लगाकर उससे जबरन पांच हजार रुपये लेने के बाद उसे छोड़ा था।



गोला में नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते राकिशसं के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी वर्दी का इस्तेमाल आम जनता, खासकर गरीब किसानों से वसूली के लिए किया जा रहा है, तो यह बेहद चिंताजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और अखबारों में खबर प्रकाशित होने के बावजूद अब तक उच्च स्तरीय जांच शुरू न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। संगठन ने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और किसान से लिए गए पांच हजार रुपये वापस कराए जाएं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों को एकजुट कर आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने जिलाधिकारी, आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश और मुख्यमंत्री को भी रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेजे हैं। ज्ञापन सौंपने समय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया, सुरेश चंद्र कनौजिया एडवोकेट, विजेंद्र यादव एडवोकेट, विजय कुमार, अरुण कुमार यादव, आशीश अग्निहोत्री, लालबहादुर सिंह यादव एडवोकेट, अरवेंद्र कुमार अग्निहोत्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गरीब किसान मजदूर पार्टी आज देगी ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ। भैंसटा के किसान मदन लाल से आबकारी निरीक्षक द्वारा कथित रूप से प्रताड़ित कर रुपये वसूलने के मामले को लेकर किसान संगठन अब खुलकर सामने आ गए हैं। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को गरीब किसान मजदूर पार्टी के पदाधिकारी केके यादव की अगुवाई में एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे।

गरीब किसान मजदूर पार्टी ने राष्ट्रीय महासचिव केके यादव का कहना है कि किसान के साथ हुई इस कथित घटना को गंभीरता से लिया गया है और इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पार्टी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो गरीब किसान मजदूर पार्टी आंदोलन करेगी।

# पीड़ित परिवार खुले में रहने को मजबूर

- बस्तौली गांव में तीन दिन पहले आग से जल गया था घर

संवाददाता, भानपुर

अमृत विचार: भीरा थाना क्षेत्र के बस्तौली गांव में तीन दिन पहले लगी भीषण आग में एक गरीब परिवार का आशियाना जलकर पूरी तरह राख हो गया। आग की इस घटना के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं पहुंची है।

बस्तौली गांव निवासी रुकसाना पत्नी मोहम्मद नबी ने बताया कि अचानक लगी आग ने कुछ ही देर में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों में घर में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर और अन्य जरूरी



बस्तौली गांव में खुले आसमान के नीचे खाना बनता। ● अमृत विचार

सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद से परिवार के सामने रहने और खाने-पीने तक का संकट खड़ा हो गया है। आग लगने की सूचना प्रशासन को दी गई थी, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई मदद नहीं मिली है।

परिवार के सदस्य खुले आसमान के नीचे दिन-रात गुजारने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के मुताबिक पीड़ित परिवार बेहद गरीब है और उनके पास अब रहने के लिए कोई सहारा नहीं बचा है। गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए और रहने के लिए छत की व्यवस्था की जाए, ताकि परिवार को इस मुश्किल समय में राहत मिल सके।

# जेसीआई इंडिया गवर्नमेंट रिलेशन्स कमेटी के सदस्य बने राम मोहन

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: जेसीआई लखीमपुर खीरी के पूर्वाध्यक्ष, पूर्व राष्ट्रीय निदेशक प्रशिक्षण जेएफपी राम मोहन गुप्त को जेसी आई इंडिया गवर्नमेंट रिलेशन्स कमेटी का सदस्य मनोनीत किया है। जेसीआई के स्थानीय संगठन के अति वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्वाध्यक्ष जेसी राम मोहन गुप्त की उपरोक्त नियुक्ति जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेसीआई सिनेटर भरत एन आचार्य द्वारा की गई है। राम मोहन गुप्त संगठन के ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय प्रशिक्षक होने के साथ साथ मंडल तीन के पूर्व मंडलाध्यक्ष भी रहे हैं। मंडलाध्यक्ष जेसीआई सिनेटर गौरव सेठ, स्थानीय पदाधिकारियों व सदस्यों बधाईयां दी गई हैं।



# घर में घुसकर महिला समेत चार को पीटा

- बच्चों के विवाद ने पकड़ा तूल पैरालाइसिस मरीज भी घायल

संवाददाता, निघासन

अमृत विचार: थाना निघासन क्षेत्र के रकेहटी गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि विपक्षी पक्ष के लोग घर में घुस आए और महिला सहित कई लोगों के साथ मारपीट कर दी। घटना में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रकेहटी गांव निवासी सरोज कुमार ने बताया कि घटना गुरुवार शाम की है। बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर गांव के अख्तर, छोटकऊ और लियाकत अली उनके घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए सरोज कुमार की पत्नी मोहिनी देवी को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। पत्नी को बचाने के लिए सरोज कुमार का भतीजा शिवा मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी बुरी तरह पीट दिया। मारपीट में मोहिनी देवी और शिवा गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित का आरोप है कि जब वह घटना की शिकायत करने थाने जा रहा था, तभी आरोपी दोबारा उसके घर पहुंच गए और उसके भाई मनोज कुमार व भाभी आशा देवी के साथ भी मारपीट की। मनोज कुमार पैरालाइज के मरीज हैं, बावजूद इसके आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सरोज कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच एसआई अर्जुन कुमार को सौंपी गई है।

# सफाई के विवाद में घर में घुसकर किया हमला

- युवक और बुजुर्ग महिला घायल, सभासद के पति समेत 4 पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: थाना व कस्बा खीरी के मोहल्ला हनिया टोला में सफाई को लेकर हुए पुराने विवाद ने मारपीट हो गई। आरोप है कि सभासद के पति समेत चार लोग लाठी-डंडों के साथ घर में घुस आए और युवक व उसकी बुजुर्ग बुआ को पीटकर घायल कर दिया।

मोहल्ला हनिया टोला निवासी राजकुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले मोहल्ले के जीतू से सफाई को लेकर उसका मामूली विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी बात से जीतू उससे रंजिश मानने लगा। दोपहर करीब दो बजे वह पड़ोस में अपनी बुआ माया के घर गया हुआ था। इसी दौरान जीतू अपने साथ संदीप, रिंकू और रूपेश को लेकर लाठी-डंडों के साथ वहां पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट में राजकुमार के सिर पर गंभीर चोटें आईं। जब बुआ माया ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया। लाठी लगने से उनके सिर फूट गया और वह लहूलुहान हो गईं। शोर सुनकर राजकुमार के पिता गोकरन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि जांच एसआई संजय कुमार यादव को सौंपी गई है।

# सामाजिक समरसता और संगठन शक्ति का पर्व है होली

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोला नगर एवं कुंभी खंड द्वारा श्री सिद्धि विनायक गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह में स्वयंसेवकों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

जिला बौद्धिक प्रमुख रामनरेश वर्मा ने कहा कि होली सामाजिक समरसता और संगठन शक्ति का पर्व है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। हमें आपसी मतभेद भुलाकर समाज में सद्भाव, भाईचारा और सामंजस्य के साथ रहने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्य वक्ता रामनरेश ने कहा कि एक संगठित समाज ही भारत को परम वैभव के शिखर तक पहुंचा सकता है। उन्होंने वर्तमान



गोला में आरएसएस के होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- आरएसएस के होली मिलन समारोह में बोले वक्ता

वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए संगठन शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि समाज की एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर चलाए जा रहे पंच परिवर्तन अभियान के उद्देश्यों की भी जानकारी दी और बताया कि संघ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विभिन्न सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ा रहा है।

कार्यक्रम में सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र तथा समाज की उन्नति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। सह जिला कार्यवाह विवेक वर्मा, सह जिला व्यवस्था प्रमुख अनिरुद्ध गुप्ता, नगर कार्यवाह महेंद्र पाठक, सह नगर संघ चालक कौशल किशोर, कुंभी खंड संघ चालक दुष्यंत वर्मा, खंड कार्यवाह हेमंत वर्मा, सह खंड कार्यवाह महेंद्र वर्मा, नगर खंड प्रचारक अभिषेक कुमार सहित तमाम स्वयंसेवक तथा नगरवासी मौजूद रहे।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

